हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 26 सितंबर 2025

06 पुलिया चौड़ीकरण के प्लान पर लगा ब्रेक सड़क...



10 दीनदयाल उपाध्याय सादा जीवन, उच्च विचार के...





### गुरूवार को नपा की जनसुनवाई में पहुंचे सांसद दर्शन सिंह चौधरी

# टिप्स : लोक सेवकों का स्वभाव हमेशा मृदुभाषी होना चाहिए: सांसद दर्शन सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नपा में प्रति गुरूवार को होने वाली जनसुनवाई का जायजा लेने गुरूवार को सांसद दर्शन सिंह चौधरी पहुंचे। उन्होंने जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों से चर्चा की। जनसुनवाई में उपस्थित सभी को व्यवहारिक टिप्स दिए और नागरिकों की अधिक से अधिक समस्याओं के समाधान करने की बात कही। वहीं सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने सभी को व्यवहारिक टिप्स भी दिए। वही जनसुनवाई के दौरान नपाध्यक्ष में निराकरण की जानकारी भी दी। जनसुनवाई में सामान्य नागरिकों की समस्याओं के साथ साथ औद्योगिक क्षेत्र के कचरा निष्पादन के लिए भी सहमती बनी इस दौरान नपा द्वारा प्रति ट्रिप 1 हजार रूपये के मान से शुल्क भी वसूला गया।नपा द्वारा गुरूवार को जनसुनवाई का अयोजन किया जाता है।

**नपा द्वारा गुरूवार को जनसुनवाई के दौरान सांसद दर्शन सिंह नपा कार्यालय पहुंचे। सांसद ने नागरिकों की समस्यांए सनुी।**




### नपाध्यक्ष ने दी जनसुनवाई की जानकारी

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने सांसद चौधरी को जनसुनवाई में हो रही शिकायतों के निराकरण संबंधी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अधिकांश समस्याओं का हमारी टीम द्वारा तत्काल निराकरण कर दिया जाता है। इसके अलावा जो भी अन्य समस्याएं होती हैं उसका निराकरण जांच के उपरांत करते हैं। नगरपालिका द्वारा वार्ड 31 में जांच उपरांत पेयजल लाइन डलवाई गई। बारिश में जीर्णशीर्ण भवनों को डिस्टमेंटल किया गया। बाजार क्षेत्र में हो रहे जलभराव को लेकर अतिक्रमण हटाया गया और नाले नालियों को साफ कर संतुष्टिपूर्ण समस्या का समाधान किया गया।

### गंभीरता से सुने नागरिकों की समस्याएं

जनसुनवाई के दौरान सांसद श्री चौधरी ने उपस्थित सभी को टिप्स देते हुए कहा कि लोकसेवकों का स्वभाव हमेशा मृदु होना होना चाहिए। नपा एक ऐसी एजेंसी है जिससे सभी नागरिक सीधे जुड़े होते हैं। नागरिक अपने कार्यों को लेकर नपा में बड़ी आशा के साथ आते हैं। जल्द से जल्द कार्य हो यह उनकी इच्छा रहती है। इसलिए प्रत्येक लोक सेवक का कर्तव्य है कि अपने स्वभाव को मृदु रखकर उनकी बात को गंभीरता से सुनें और समस्याओं का समाधान करें। इस अवसर पर जनसुनवाई में नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, उपयंत्री अंबक पाराशर, रीना गुप्ता,आयुषी रिछारिया, दीक्षा तिवारी, कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी, स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी, अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित गौर, मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे, पार्षदगण और आवेदक उपस्थित रहे। ध्यान रहे कि प्रति गुरूवार को नपाध्यक्ष और सीएमओ के निर्देश पर नपा में जनसुनवाई शुरू की गई है।

### प्रति ट्रिप एक हजार रुपए के हिसाब से हटाएगी नपा उद्योग का कचरा

स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने गुरूवार को जनसुनवाई में उद्योगपति नकुल खत्री द्वारा औद्योगिक कचरे के निष्पादन के लिए आवेदन दिया गया। जिसमें प्रति ट्रिप 1000 रुपए के हिसाब से नगरपालिका द्वारा कचरा हटाए जाने पर सहमति बनी। उद्योपति खत्री द्वारा चालान के माध्यम से यह भुगतान किया गया।

## समेरिटंस स्कूल में हुआ गरबा महाआरती का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

समेरिटंस विद्यालय सांदीपनी परिसर मालाखेड़ी में इन दिनों दुर्गोत्सव की धूम है। उत्सव के दौरान गुरुवार को विद्यालय में गरबा और महाआरती का आयोजन किया गया। इसमें समेरिटंस समूह के सभी आठ विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने भागीदारी की। आयोजन में सभी आठों समूह की शिक्षकाओं की टीमों के बीच गरबा नृत्य की प्रतियोगिता भी हुई। गरबा नृत्य के बाद प्रतिभागियों को पुरस्कारों का वितरण किया गया। बाद में महाआरती का आयोजन किया गया।

### राजा मोहल्ला स्थित विराजी मां दुर्गा की प्रतिमा

**नर्मदापुरम।** देवीदर्शन उत्सव समिति राजा मोहल्ला द्वारा इस वर्ष भी अठारह भूजाओं वाली मां



महिषासुरमर्दिनी की स्थापना की गई है। प्रतिदिन समिति द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। महिला मंडल संयोजक आशा चौकसे ने बताया की मां की आराधना मे बच्चे बड़े सभी बड़े उत्साह से शामिल हो रहे है। ये शहर की एकमात्र अठारह भुजाओं वाली प्रतिमा है जिसकी बड़े विधि विधान एवं नियमो का पालन करते हुए पूजा अर्चना की जाती है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी से शामिल होने का आव्हान किया है।

### जिला स्तरीय भूतपूर्व सैनिक रैली 28 को

**नर्मदापुरम।** 28 सितंबर को जिला नर्मदापुरम में जिला स्तरीय भूतपूर्व सैनिक रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली साईं कृष्णा रिसोर्ट गार्डन, पहाड़िया के पास, नर्मदापुरम में सुबह 9 बजे से शुरू होगी। कमाण्डर अनुराग सक्सेना (से.नि.) जरैली के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा पूर्व सैनिकों, विधवाओं, एवं उनके आश्रितों को विभिन्न कल्याण कारी, पुनर्वास से अवगत कराया जाएगा।

### समेरिटंस के कैडेट्स ने मनाया विश्व नदी दिवस

**नर्मदापुरम।** 13 मध्यप्रदेश बटालियन से संबद्ध समेरिटंस हायर सेकंडरी स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने बटालियन से प्राप्त निर्देशानुसार हमारी नदियां हमारी जिम्मेदारी कार्यक्रम कार विश्व नदी दिवस मनाया। इस अवसर पर गुरुवार को विवेकानंद घाट पर साफ सफाई कर लोगों को जागरूक किया। घाट पर पॉलीथिन, कचरा वासी फूल माला,शैंपू का उपयोग नहीं करने के लिए कहा। इस अवसर पर सेकेंड आफीसर विजय प्रकाश श्रीवास्तव, मैनेजर श्प्रदीप कुमार यादव ने नदी के महत्व एवं नदियों के रूप में हमारी सभ्यता एवं नदियों के बारे में जानकारी प्रदान की। प्राचार्य प्रेरणा रावत ने भी लोगों को सामाजिक मूल्यों और जिम्मेदारी से अवगत कराना है।




### श्रीरामलीला महोत्सव में भरत मिलाप की लीला हुई सम्पन्न

लीला में बताया गया कि राजा दशरथ के स्वर्गवास होने के उपरांत अयोध्या में राजसमाज की बैठक होती है जहां ब्रह्मऋषि वशिष्ठजी और श्रीभरत और श्रीशत्रुघ्न के साथ ससमाज पुरवासी गण श्रीरामजी से भेंट करने वन की ओर प्रस्थान करतें हैं । वन में उनकी भेंट निषादराज से होती है , भरतजी को निषाद उन सभी पवित्र स्थलों का दर्शन करातें जहां श्रीराम जी ने विश्राम किया था पश्चात निषाद ,भरत जी को उस स्थान पर ले जातें है जहाँ पर श्रीराम जी जानकीजी और लक्ष्मण जी रह रहे होते हैं। श्रीभरत और श्रीराम का मिलन होता है, वन में ही वशिष्ठ जी के मार्गदर्शन में राजसमाज की बैठक होती है जिसमें श्रीराम जी के कहते हैं कि वे पिताजी के वचनानुसार 14 वर्ष वनवास व्यतीत करने के उपरांत ही अयोध्या आवेंगे , भरतजी श्रीरामराज्याभिषेक के लिए लाए गए पवित्र नदियों के जल को अत्रिमुनि के द्वारा बताए गए कामदगिरी पर्वत के कुएं में विसर्जित करदेते हैं श्रीराम जी अपनी निशानी के रूप में भरतजी को अपनी खड़ाऊं दे देते हैं । आज की लीला में प्रतीक दुबे ने श्रीराम , यश शुक्ला ने जानकी , अक्षय मिश्रा ने लक्ष्मण ,समर्थ तिवारी ने भरत , शिवाय शुक्ला ने शत्रुघ्न , अजय परसाई ने वशिष्ठ ,मनोज परसाई ने निषाद , दीपक साहू ने भील , अमित यदुवंशी ने कैकयी , पार्थ तिवारी ने सुमित्रा , सहज दुबे ने कौशल्या और दीपेश व्यास ने अत्रि मुनि की भूमिका निभाई ।

## शहर के सबसे बड़े पंडाल में हो रही मां भुवनेश्वरी देवी की आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरमः शांति नगर में संस्था संकल्प ने इस बार आयोजन के 27वें वर्ष में मां भुवनेश्वरी की स्थापना की है। संस्था संकल्प ने वर्ष 1996 में मां आदिशक्ति दुर्गा उत्सव समिति की स्थापना की थी। वर्ष 1996 से 2016 तक मां दुर्गा की स्थापना की गई। 2017 से समिति ने



माता के अलग-अलग रूपों की स्थापना शुरू की। खास बात यह है कि यहां शक्ति की आराधना के साथ ही हर साल समाज को जागरूक करने के लिए कुछ नया प्रयोग किया जाता है। हाल ही में समिति ने स्वच्छता दूतों का सम्मान किया था।

### तैयार होता है सबसे बड़ा पंडाल

समिति के आयोजन में हर साल शहर में सबसे बड़ा देवी पंडाल तैयार किया है। रोजाना कन्याएं मां की आरती करती हैं। बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ क्षेत्रीय लोगों के लिए निश्शुल्क गरबे का आयोजन किया जाता है।

गरबे में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए गरबे की अलग व्यवस्था रहती है। प्रसाद वितरण, दर्शन सहित अन्य कामों में श्रद्धालुओं के प्रवेश की व्यवस्था भी अलग रहती है।



**खबर संक्षेप**

## स्वदेशी से स्वावलंबन अभियान का शुभारम्भ




**बैतूल।** शासकीय महाविद्यालय घोड़ाडोंगरी में मप्र जन अभियान परिषद घोड़ाडोंगरी द्वारा स्वदेशी से स्वावलंबन अभियान एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम (बीएसडब्ल्यु एवं एमएसडब्ल्यु) कोर्स का भी शुभारम्भ जागरूकता रैली के साथ हुआ। कार्यक्रम समाजसेवी रूपचंद यादव, अमित दास, महाविद्यालय के प्राचार्य देवी सिंह सिसोदिया, कोर्स प्रभारी प्रो.हेमंत निरापुरे की उपस्थिति में संपन्न हुआ। रूपचंद यादव ने कहा स्वदेशी से स्वावलंबन एक ऐसा राष्ट्रीय अभियान है जिसका लक्ष्य भारतीयों को स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और विदेशी उत्पादों का बहिष्कार करने के लिए प्रोत्साहित करना है। जिससे भारत आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सके। प्रो.हेमंत निरापुरे और देवी सिंह सिसोदिया ने कहा कि स्वदेशी अभियान स्वावलंबन पर जोर देता है, जिसका अर्थ है हर व्यक्ति और देश का अपनी आवश्यकताओं के लिए आत्मनिर्भर होना। ब्लॉक समन्वयक संतोष राजपूत ने बताया की यह अभियान 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक गांव-गांव में चलेगा। अंत में आभार विजय मेहतो ने व्यक्त किया। इस अवसर पर कॉलेज स्टाफ, विद्यार्थिगण सहित ग्रामीण मौजद थे।

## सत्ता भौतिक सुख का मार्ग नहीं: डीडी उइके

**बैतूल।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर भाजपा कार्यालय विजय भवन में आयोजित जिला स्तरीय संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का पूरा जीवन कठिनाईयों एवं दुखों से भरा रहा है। इसके बावजूद भी वे अपने संघर्षो से महानता के शिखर पर पहुंचे। पंडित दीनदयाल जी का जीवन हमें सिखाता है कि सत्ता सिर्फ भौतिक सुख का मार्ग नही बल्कि समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति की सेवा का माध्यम है। जिला स्तरीय संगोष्ठी का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री श्री उइके सहित भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, विधायक डॉ योगेश पण्डागरे, महेंद्र सिंह चौहान, गंगा सज्जन सिंह उइके, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, जिला महामंत्री एवं सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक कमलेश सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। पंडित दीनदयाल जी जीवन एवं उनका दर्शन एकात्म मानववाद पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री श्री उइके ने कहा कि एकात्म मानववाद सिर्फ एक राजनीतिक विचार नही बल्कि नर से नारायण बनने की यात्रा है। शरीर मन आत्मा और बुद्धि के सुख का सार है। राष्ट्र और समाज का दिग्दर्शन है। उन्होंने कहा कि विश्व की सारी समस्यायों का समाधान एकात्म मानववाद से ही सम्भव है। दीनदयाल जी के इस दर्शन को आत्मसात कर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया है और भारत के अर्थतंत्र को इतना मजबूत बनाया है कि आज हम दुनिया की चौथी सबसे बडी ताकत हैं। पं.दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर सुबह 8 बजे से नगर मंडल के विभिन्न मतदान केन्द्रो पर स्वच्छता अभियान संपन्न हुआ। जिसके बाद एक पेड मॉ के नाम पर वन विद्यालय कालापाठा में पौधा रोपण किया गया।

### गंज मैकेनिक चौक, जायका और भाजपा कार्यालय भवन के पास की तीन पुलिया संकरी

# पुलिया चौड़ीकरण के प्लान पर लगा ब्रेक सड़क निर्माण के लिए नहीं मिला फंड!



**ट्रैफिक समस्या झेल रहे लोग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

गंज क्षेत्र की संकरी पुलिया को चौड़ा करने के लिए नगरपालिका ने योजना बनाई है। लेकिन सेंट्रल स्कूल से करबला तक बनने वाली सडक़ के लिए फंड नहीं आने से फिलहाल यह काम रूका हुआ है। जबकि पुलिया निर्माण के लिए पाइप भी आकर रखे है। नपा अधिकारियों का कहना है कि यदि सडक़ को प्रशासनिक स्वीकृति मिल जाती है तो नपा सडक़ और पुलिया दोनों साथ-साथ निर्माण कराने पर विचार कर रही है।

इससे नगरपालिका अतिरिक्त व्यय से भी बच जायेगी, लेकिन अभी तक सडक़ को लेकर फंड नहीं आया है। इधर गंज क्षेत्र की तीन संकरी पुलिया यातायात में रोढ़ा बन रही है। सबसे ज्यादा समस्या जायका रेसटारेंट के पास है, यहां की पुलिया टूट-फूट चुकी है और इसे पार करने के लिए 8 फीट की जगह मात्र है। यहां होटल, बड़े शारूम होने के कारण वाहनों की आवाजाही ज्यादा है,। पुलिया संकरी होने के कारण ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है। इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के पास आए दिन होने वाले बड़े आयोजनों में सैकड़ों की संख्या में वाहन आते हैं। जिससे यहां पर भी टूटी संकरी पुलिया ट्रैफिक जाम कर देती है। रोजाना स्कूल बस, ट्रक, जीप, कार सहित सैकड़ों वाहनों की आवाजाही के कारण गंज के कांतिशिवा चौक से लेकर भाजपा भवन तक का ट्रैफिक रुक-रुककर चलता है जिसके कारण वाहन चालकों सहित पैदल यात्रियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### सड़क की सिर्फ तकनीकी स्वीकृति, फंड नहीं

बैतूल गंज में आवागमन को सुगम बनाने के लिए शहरी सुधार कार्यक्रम के तहत नगरपालिका ने 27.75 करोड़ रुपए की लागत से नई सडक निर्माण का प्रपोजल बनाकर शासन को भेजा था, जहां से तकनीकी स्वीकृति तो मिल गई है, लेकिन अभी तक सडक़ निर्माण को लेकर फंड नहीं आया है। नपा अधिकारियों का कहना है कि पुलिया निर्माण के लिए प्लान बनाया गया है। लेकिन अभी सडक़ के लिए फंड नहीं मिला है। हम चाह रहे है कि सडक़ के लिए भी फंड आ जाता तो सडक़ और पुलिया का निर्माण साथ-साथ हो जाता, लेकिन वित्तीय स्वीकृति नहीं मिलने से अब पुलिया अलग से बनाने पर विचार किया जायेगा।

### आए दिन लगते हैं छोटे-छोटे जाम

गंज में तीन संकरी पुलिया है। जिसके कारण आए दिन छोटे-छोटे जाम लगते हैं और यातायात बुरी तरह से प्रभावित हो जाता है। गंज में मैकेनिक चौक के पास ही बस स्टैंड है, ट्रक और बस सहित भारी वाहनों की आवाजाही के कारण इन संकरी पुलिया से दो वाहन एक साथ क्रास नहीं हो पाते हैं, इसलिए बार-बार ट्रैफिक जाम हो जाता है। सबस ज्यादा समस्या जायका रेसटारेंट के पास है, यहां की पुलिया टूट-फूट चुकी है और इसे पार करने के लिए 8 फीट की जगह मात्र है, जिसके चलते यहां होटल, बड़े शारूम होने के कारण वाहनों की आवाजाही ज्यादा है जिसके कारण बार-बार ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है।

### सड़क पुलिया बनने से ट्रॉफिक को मिलेगी रफ्तार

सड़क और पुलिया चौड़ी होने के बाद गंज क्षेत्र में ट्रॉफिक को रफ्तार मिलेगी। अभी हालात यह है कि संकरी पुलिया के कारण दो वाहन एक साथ क्रॉस नहीं हो पा रहे है। वहीं बार-बार जाम लग रहा है। गंज में सेंट्रल स्कूल, रेलवे स्टेशन, सहित व्यापारिक क्षेत्र है। जिससे यहां हमेशा यातायात का दबाव बना रहता है। यदि सडक़ सेंट्रल स्कूल से करबला तक टू-लेन सडक़ बनती है तो अंडर ब्रिज, नागपुर नाका होते हुए करबला ब्रिज तक जाएगी। यह सडक़ कुल 2850 मीटर लंबी और 24 मीटर चौड़ी रहेगी। इस परियोजना में डिवाइडर के साथ सेंट्रल पोल लगाकर विद्युतीकरण भी किया जाएगा। सडक़ के दोनों तरफ पक्की नाली, फुटपाथ और यूटिलिटी डक्ट का निर्माण होगा। इस सडक़ के बनने से बैतूल शहर की आठनेर बड़ोरा और करबला ब्रिज-तितली चौराहा से फोरलेन के लिए सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी।

**फंड नहीं मिला**

पुलिया निर्माण के लिए प्लान बनाया गया है। लेकिन अभी सडक़ के लिए फंड नहीं मिला है। हम चाह रहे है कि सडक़ के लिए भी फंड आ जाता तो सडक़ और पुलिया का निर्माण साथ-साथ हो जाता, लेकिन वित्तीय स्वीकृति नहीं मिलने से अब पुलिया अलग से बनाने पर विचार किया जायेगा। जो पाइप आये है, वह ठेकेदार के है।

- नीरज धुर्वे,
एई, नगरपालिका बैतूल

## भारतीय किसान संघ की मांगों को लेकर बैठक आयोजित



**बैतूल।** भारतीय किसान संघ के ज्ञापन संबंधी विभिन्न समस्याओं एवं विषयों को लेकर कलेक्टर सभागृह में सुश्री वंदना जाट अपर कलेक्टर, श्रीमती अनीता पटेल डिप्टी कलेक्टर एवं समस्त विभाग के जिला अधिकारी बैठक में शामिल हुए। संघ के द्वारा फसल बीमा के अनेक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। संघ के द्वारा बीमा संबंधित विषयों को उठाया गया, जिसका शासन स्तर पर अवगत कराया जाएगा। आगामी सीजन लेकर किसानों को खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो, बिजली संबंधी कार्य समयावधि में कार्यों का मेंटेनेंस कार्य किया जाए। जिससे कि समय पर बुआई की जा सके, समस्त विकास खण्डों मक्का फसल के विक्रय के लिए मंडी का संचालन किया जाए जिससे किसानों को विक्रय आदि की समस्या ना हो पाए। जिले में संचालित विभिन्न जलाशय से जो सिंचाई होती है, उनकी नहरो की साफ सफाई बुआई के पूर्व की जाये। जिससे किसान भाई समय पर अपनी बुवाई कर सके द्य एवं अनेक बिंदुओं पर सौहार्दपूर्ण माहौल में चर्चा की गई। अपर कलेक्टर द्वारा समस्त विभागों को निर्देशित किया गया। जिन विषयो का समाधान जिला स्तर पर हो सकता है। उसका निराकरण अति शीघ्र किया जाएगा। शासन स्तर के निर्णयो का प्रस्ताव को तैयार कर शीघ्र शासन को भिजवाए। कार्यक्रम में भारतीय किसान संघ के पुरुषोत्तम सरले प्रांतीय सदस्य, दीपक कपूर, नरेन्द्र कुमार गोठी, अशोक मलैया, नकूल चंदेल, प्रकाश गाडगे, मनोज नावंगे जिला अध्यक्ष, ध्रुव मलैया, मुन्नालाल यादव, घनश्याम वामनकर, वरिष्ठ मार्गदर्शकगण तहसील समिति के पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

## केंद्रीय विद्यालय सारनी में विविध कार्यक्रमों का आयोजन



**सारनी।** केंद्रीय विद्यालय सारनी में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसका आयोजन सारनी नगर क्षेत्र में किया गया। इसके उपरांत विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अंतर्गत कृमि नियंत्रण हेतु दवा भी प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, नर्स, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में मनराज मीना ने राजभाषा हिंदी के प्रयोग एवं महत्व पर एक प्रभावशाली प्रस्तुति दी। साथ ही, विद्यालय के सभी कर्मचारियों के लिए राजभाषा से संबंधित संवैधानिक उपबंधों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इन सभी कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में स्वच्छता, स्वास्थ्य, सृजनात्मकता तथा हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता और उत्साह का संचार हुआ।

### सरकारी कालेज में संगोष्ठी सम्पन्न

# मेरा भारत महान सिर्फ जीभ से नहीं हृदय से निकलना चाहिए: सदानन्द




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरदार विष्णु सिंह उइके शासकीय महाविद्यालय में गुरुवार को को संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी का शुभारंभ प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय अधिकारी डॉ सदानन्द सप्रे, महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष कमलेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि जगदीश आहूजा सहित उपस्थित अतिथियों ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए श्री सप्रे ने कहा कि मेरा भारत महान का भाव प्रत्येक विद्यार्थी के हृदय में होना चाहिए। यह नारा सिर्फ जीभ से नही दिल से निकलना चाहिए। विद्यार्थी जीवन से ही देश के लिये विचार करना चाहिए। विद्यार्थियों को यह तय करना पडेगा हम हमारे देश को कितना जानते हैं। किन किन महापुरुषों का क्या योगदान है। भारतीय ज्ञान परम्परा विषय पर विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए श्री सप्रे ने कहा कि एक समय था जब देश के लिए कई युवा मरने को तैयार थे। कितने युवाओं ने स्वतन्त्रता के लिये बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि आज देश के लिए मरने की नही, देश के लिए जीने की जरूरत है और जीने के लिए योग्यता चाहिए और आपकी योग्यता का लाभ देश को मिलना चाहिए। जन भागीदारी समिति अध्यक्ष कमलेश सिंह ने कहा कि ज्ञान के प्रत्येक क्षेत्र भारत के युवाओं ने अपनी योग्यता साबित की है। इस अवसर पर समिति के सदस्य अमित गुप्ता, धर्म जागरण विभाग प्रमुख जोगेंद्र सुर्यवंशी सहित महाविद्यालय के प्रध्यापक एवं विद्यार्थी मौजूद थे। संचालन डॉ अंजना संजय ने आभार प्रदर्शन श्री गौर ने किया।

## लोक कल्याण मेले का आयोजन




**शाहपुर।** नगर परिषद शाहपुर के ारा खेड़ापति मंदिर प्रांगण क्षेत्र में लोक कल्याण मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेले के अंतर्गत स्थानीय लोगों के द्वारा निर्मित की गई वस्तुएं प्रदर्शनी के तौर पर रखी गई। स्थानीय लोगों के द्वारा बनाई गई कला का प्रदर्शन किया। इसमें सर्वप्रथम टेराकोटा प्रोडक्ट की ओर से जितेन्द्र प्रजापति के आदर्श स्वयं सहायता समूह के द्वारा मिट्टी के बहुत सारे बर्तनों के बारे में दिखाया और बताया गया। इसी तरह बांस से निर्मित होने वाली वस्तुएं जैसे डलिया, सुप, को स्वयं निर्मित कर तैयार कर पलक स्वयं सहायता समूह शाहपुर से रिंकू वंशकार ने प्रदर्शनी में रखा। जय माता दी स्वयं सहायता समूह शाहपुर के द्वारा आचार, पापड़ को निर्मित कर प्रदर्शनी में रखा गया। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्थानीय निर्मित चीजों से अवगत कराना। उनके द्वारा प्राप्त आय से अपने आर्थिक स्तर को सुधारना है।

### नशे के दुष्परिणाम विषय पर बी.एड. स्कालर्स ने अपने-अपने विचार रखे

# बीआर अंबेडकर कॉलेज में सेवा पखवाड़ा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भीमराव रामराव अंबेडकर शिक्षा महाविद्यालय बैतूल में सेवा पखवाडा के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों की शुरूआत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर को महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री पर लघु फिल्म चलो जीते हैं, दिखाई गई। जिसमें बी.एड. स्कालर्स एवं

स्टाफ उपस्थित रहें। स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई कर आस-पडोस में स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। नशा मुक्ति अभियान का आयोजन 23 सिंतबर को किया गया। नशे के दुष्परिणाम विषय पर बी.एड. स्कालर्स ने अपने-अपने विचार रखे है। कार्यकम में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के संचालक धुरवप्रकाश अग्रवाल रहें। उन्होने कहा कि नशा सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक प्रगति में बाधक है नशे से व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ रहता है। महाविद्यालय के प्रो. सुनिल वर्मा ने कहा कि नशा की आदत पूरे परिवार को बर्बाद कर देती है। नशा शराब ही नही अपितु तम्बाकु, गुटका, चरस गांजा आदि भी है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ देशमुख ने कहा की मोबाईल की लत आज के समय में जानलेवा नशा है, जिससे छोटे-छोटे बच्चे इसके शिकार होते जा रहे है। डॉ. गांवडे ने कहा कि नशा



मुक्ति के लिए जन जागरण अभियान चलाया जाना चाहिए, इसके दुष्परिणामो से अवगत कराना चाहिए। उन्होने कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया।

## स्वच्छता मित्रों का किया स्वास्थ्य परीक्षण




**बैतूल बाजार।** नगर परिषद बैतूल बाजार द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025 अंतर्गत स्वच्छता मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इस अवसर पर स्वच्छता मित्रों के नियमित स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। नगर परिषद का उद्देश्य स्वच्छता कार्य में जुटे सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की सुरक्षा एवं संवर्धन करना है।

## सेवा पखवाड़ा अंतर्गत किया पौधारोपण




**शाहपुर/भौंरा।** सेवा पखवाड़ा पर्व के अवसर पर विधायक घोड़ाडोंगरी श्रीमती गंगा सज्जनसिंह उईके के द्वारा वन परिक्षेत्र भौंरा की बीट कुप्पा के कक्ष क्रमांक 130 में नमोवन का रोपण किया गया। जिसके अंतर्गत 2 हैक्टेयर क्षेत्र में 1700 फलदार पौधों को रोपित किया गया। जिनमें आम के 50, कटहल के 100, जामुन के 350, आंवला 600 एवं महुआ के 600 पौधे लगाए गए। इस मौके पर जनपद पंचायत सदस्य भूरेलाल चौहान, हांडीपणि सरपंच सुगरती देवी, उप वनमंडल अधिकारी शाहपुर, उत्तम सिंह सस्त्या, वन परिक्षेत्र अधिकारी बृजेंद्र तिवारी वन सुरक्षा समिति कुप्पा की अध्यक्ष विमला यादव एवं समिति सदस्यों द्वारा भी पौधा रोपण किया गया।

### स्वच्छता और नशा मुक्ति अभियान की शपथ दिलाई

# नगर पालिका ने छठ घाट पर किया श्रमदान

**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत एक दिन, एक घंटा, एक साथ स्वच्छता के लिए वार्ड 13 सतपुड़ा डेम स्थित छठ घाट पर श्रमदान का आयोजन किया गया। इसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारी, कर्मचारियों और सफाई मित्रों ने मिलकर श्रमदान किया। इस अवसर पर स्वच्छता एवं नशा मुक्ति अभियान की शपथ दिलाई गई।

स्वच्छोत्सव 2025 के तहत नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा 17 सितंबर से सतत कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत गुरुवार 25 सितंबर को छठ घाट पर एक दिन, एक घंटा, एक साथ स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका




अध्यक्ष किशोर बरदे, पार्षद प्रवीण सोनी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम, नोडल अधिकारी केके भावसार, ब्रांड एंबेसेडर रजनी श्रीवास्तव, जयश्री डोंगरे समेत अन्य लोगों की मौजूदगी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छठ घाट पर साफ-सफाई की गई। जनप्रतिनिधियों, अधिकारी, कर्मचारियों ने श्रमदान कर पानी से जलकुंभी निकाली। इसके अलावा परिसर की सफाई भी की गई। सुबह 8 बजे से लगभग 2 घंटे चले श्रमदान में करीब 12 ट्रॉली कचरा निकाला गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इसके अलावा नशा मुक्ति का संकल्प भी दिलाया गया। इस अवसर पर सारनी जोन के सफाई मित्रों का संजीवनी क्लीनिक में स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। अभियान के तहत शुक्रवार 26 सितंबर को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को प्रकरणों का वितरण किया जाएगा।

## पीएम आवासों के आवंटन पत्रों का वितरण आज

**सारनी।** अंगीकार-2025 अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवंटन पत्रों का वितरण शुक्रवार 26 सितंबर को दोपहर 2 बजे से कार्यालय नगर पालिका परिषद सारनी से किया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार सितंबर एवं अक्टूबर माह में अंगीकार-2025 अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना में प्राप्त आवेदनों का पंजीयन उपरांत आवंटित आवासों के आवंटन पत्रों का वितरण शुक्रवार 26 सितंबर को नपा अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार की उपस्थिति में होगा।

## बीएसडब्ल्यू व एमएसडब्ल्यू की क्लास का शुभारंभ

**भैंसदेही।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खण्ड भैंसदेही के तत्वाधान में स्वदेशी जागरण अभियान एवं पंडित दीनदयाल जयंती के उपलक्ष में एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम कक्षा का शुभारंभ, संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिसमें वरिष्ठ समाजसेवी मारुति बारस्कर द्वारा स्वदेशी जन जागरण विषय पर अपने व्यक्तित्व में मंच से संबोधित किया गया। ब्रह्मादेव कुबड़े वरिष्ठ समाजसेवी ने स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग एवं विदेशी वस्तु का बहिष्कार विषय पर छात्र-छात्राओं को संबोधित किया गया। नवनीत राज मिश्रा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन परिचय पर विस्तार से चर्चा कर उद्बोधित किया गया। जनप्रतिनिधि , सामाजिक, कार्यकर्ता मारोती बारस्कर वकील, मनीष नावंगे पूर्व अध्यक्ष क्षत्रिय लोणारी कुन्बी समाज संगठन, ब्रह्मदेव कुबडे, दलजीत मनवर, केसर लोखंडे, रामा पारिसे, अंकित राठौर, कमलेश कावडक़र, राहुल चढ़ोकार,



गुलाबराव सेलकरे, नवनीत राज मिश्रा, इंद्रदेव लिखितकर एवं जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक विकास कुमरे नवांकुर संस्थाओं के सदस्य ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य एवं छात्र-छात्रा एवं परामर्शदाता शिवचरण बावने केसर लोखंडे सरावन मन्नासे सोहनसिंह काकोडय़ा उपस्थित रहे।

### पचमढ़ी में विद्यालय स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन, विजेताओं का बढ़ाया उत्साह

# जिले में जारी है सेवा पखवाड़ा अभियान स्कूल और कॉलेजों में हो रहे आयोजन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान जारी है। जिसमें जनप्रतिनिधियो, शैक्षणिक संस्थाओं आदि के द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय पचमढ़ी में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है । अभियान के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत ,विकसित भारत की थीम पर खेलों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बालक, बालिकाओं के लिए 100मीटर, 200मीटर, 400मीटर दौड़, लॉन्ग जम्प , हाई जम्प और सुई -धागा दौड़ आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत कर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए ।अनुज, किंजल, रोहन, देवराज, तनु ,समल सिंह ,सिद्धार्थ ,साहिल, दीपिका, नरेंद्र ,पल्लवी, जाह्नवी लक्ष्मण ,महक ,युवराज, निहारिका, स्नेह, नरेंद्र, मोंटी , लक्षिता और पायल विजेता रहे।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मनीष गुप्ता, ज्योति यादव, रूपनारायण श्रीवास, पल्लवी साहू और किसनलाल उईके , दीप्ति भार्गव और अंजलि साहू सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे। समस्त प्रतियोगिताओं के आयोजन में बैशाखू, मनीष सारसर पुरुषोत्तम और राहुल का विशेष सहयोग रहा। समस्त प्रतियोगिताओं को खेल प्रशिक्षक संतोष यादव द्वारा संपन्न कराया गया।

### बैडमिंटन टीम संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल



मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी राजा भभूत सिंह शास. महाविद्यालय पचमढ़ी की बैडमिंटन खिलाड़ी ने आज शास. गृह विज्ञान अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता की। दल प्रबंधक क्रीड़ा अधिकारी डॉ सत्य प्रकाश पटेल ने बताया, प्रतियोगिता में भोपाल संभाग विजेता एवं नर्मदापुरम संभाग उपविजेता रहा । पचमढ़ी महाविद्यालय से नीति यादव, ने संभाग स्तरीय महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन किया साथ ही सभी प्रतिभागियों ने पूरे दम खम के साथ खेल को खेला और जीत हासिल की।

### सेवा सप्ताह के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया एवं मैदानों पर पौधरोपण भी किया गया




पिपरिया। भारतीय जनता पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि संगठनके पदाधिकारीके द्वारा विधायक ठाकुर दास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल महिलामोर्चा जिला महामंत्री ममता नागवंशी एवं अन्य लोगों के साथ सभी सामाजिक व्यक्तियों द्वारा सभी सरकारी अधिकारियों की उपस्थिति में पुराना गमंडीमें भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के सामने पौधारोपण किया गया तथा सभी जनप्रतिनिधियों के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों ने मंडी को , साफ़ किया गया। विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल महिलामोर्चा जिला महामंत्री ममता नागवंशी नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांतरघुवंशी राजा भैया पटेल सुजीत रघुवंशी पूर्वजि समिति सदस्य अरविंदराय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व देवेन्द्र सिंह तहसीलदार वैभव बैरागी नगर पालिका परिषद के सीएमओ सहित अन्य सभी शामिल हुए। सभी ने झाड़ू लगाई गई तथादेश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्म दिन पर शुभकामनाएं बधाई दी गई।

### मनाया रासेयो स्थापना दिवस

सोहागपुर। पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय सोहागपुर में बुधवार को रासेयो स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें अतिथियों के रूप में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एनके नीखरा व शासी निकाय सचिव हमीर सिंह चंदेल उपस्थित थे। इस दौरान महाविद्यालय प्राध्यापकों ने स्वयं सेवकों के समक्ष राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व व नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए इसकी भूमिका पर व्याख्यान दिए गए। स्वयं सेवकों द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## सेवा पखवाड़े के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण रक्त परीक्षण व रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के पंडित रामलाल शर्मा कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन नर्मदापुरम तथा नर्मदा एजुकेशन सोसाइटी कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 25/09/25 को रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से ₹सेवा पखवाड़े के अंतर्गत निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय प्रबंधन समिति के प्रबंधक अरुण शर्मा पंडित रामलाल शर्मा कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर प्रिंस जैन एन. ई. एस. महाविद्यालय की प्राचार्य डा.ज्योत्सना खरे शिक्षाविद संतोष व्यास डॉ सौरभ पाठक ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर की शिविर में शहर के जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, साथ-साथ रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया।

शिविर में ग्राम बुधवाडा देशमोहिनी तथा कुंद्राखेडी के अनेक नागरिकों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करा कर निशुल्क दवाइयां प्राप्त की। शिविर मे रक्तदान भी किया। उक्त आयोजन में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। स्वास्थ्य शिविर का समापन भूतपूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित भवानी शंकर शर्मा के द्वारा किया गया उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य शिविर के




माध्यम से लोगों को अनेक प्रकार की बीमारियों से जागरूक किया जा सकता है एवं रक्तदान कर लोगों का जीवन बचाया जा सकता है।

कार्यक्रम में भूतपूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित भवानी शंकर जी शर्मा,महाविद्यालय प्रबंधक अरुण शर्मा,डा.ज्योत्सना खरे डॉ प्रिंस जैन डॉ संजय गार्गव डॉ असरार उलगानी डॉ कमलेश शुक्ला डॉ. डॉली जैन डॉ विनीता शुक्ला डॉक्टर कनक पाठक डॉ हरिमोहन लोवंसी डॉ ज्योति तिवारी स्वाति गुप्ता अंजू सक्सेना आनंदमई दुबे रवि शंकर मिश्रा प्रवीण मीणा अंबिका राजपूत रिया केवट प्रेम असवार लीनेंद्र चौधरी एवं महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं दोनों महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे । जिला चिकित्सालय की ओर से डॉ अंकित गौर, डॉ मंडलोई जी और , रेड रेड क्रॉस सोसाइटी से शेर सिंह बड़कुर व उनकी टीम उपस्थिति रही।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव
फैमिली गरबा
विश्वास की परंपरा

## गरबा नगर की सांस्कृतिक विरासत को संजोए हुए हैः विधायक डॉ. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



हरिभूमि समूह के द्वारा इटारसी नगर में सांस्कृतिक विरासत को संजोने हेतु पारंपरिक एवं पारिवारिक माहौल में फैमिली गरबा का आयोजन किया जा रहा है। सभी नगरवासी और गरबाप्रेमी इस अभूतपूर्व आयोजन का हिस्सा अवश्य बने। चौथे साल का यह आयोजन ऐतिहासिक सफल सिद्ध होगा। यह बातें क्षेत्रीय विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने गुरुवार को हरिभूमि कार्यालय में कहीं।

मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं विधायक डॉ सीतासरन शर्मा अपने गुरुवार को हरिभूमि कार्यालय में शुभ नवरात्रि पत्रिका का विमोचन किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति पवन शुक्ला, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवाकांत पांडे, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद पगारे, सभापति राकेश जाधव, सभापति मनजीत कलोसिया, सामाजिक धार्मिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर, सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष जितेंद्र ओझा, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल, जसवीर छाबड़ा, शैलेंद्र दुबे सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

शुभ नवरात्रि पत्रिका के विमोचन के साथ ही क्षेत्रीय विधायक डॉ शर्मा ने क्षेत्रवासियों को सभी नगरवासियों को हरिभूमि गरबा में शामिल होने का आग्रह किया है। एंट्री पास प्राप्त कर चुके व्यक्ति ही गरबा आयोजन में शामिल हो सकेंगे। इवेंट ऑर्गनाइजर भूपेंद्र विश्वकर्मा ने आग्रह किया है जिनके पास एंट्री पास नहीं है वे लोग गरबा स्थल न पहुंचे।

### मटकुली ग्राम पंचायत नवीन होटल में हुए कार्यक्रम आयोजित



पिपरिया। जनपद पंचायतकी ग्रामपंचायतमे गोल्डन स्टार होटल के संचालक जसपाल सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवकसंघ तथा सरस्वती शिशु मंदिर के अखिल भारतीय अधिकारी सुरेश सोनी का प्रवास हुआ। जिसमें उन्होंनेराजा भभूत सिंह जनजाति छात्रावास के बच्चों से चर्चा की तथा शिशु मंदिर एवं होटल का निरीक्षण किया।इस अवसर पर सह प्रांत संगठन मंत्री एवं आई थी मिथिलेश शुक्ल,सह विभाग कार्यवाहक चाणक्य वखसी, धर्मेंद्र गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष सतीश राय,संजय दुबे, महेंद्र सिंह चौहान, प्रेमदास भरोसे,राम प्रसाद काजले सहित अनेक ग्राम पंचायत के लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। गोल्डन स्टार होटल की भी सराहनीय कदम बताया गया।

### उद्यम क्रांति योजना के लिए आवेदन करें

नर्मदापुरम। शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिये मध्यप्रदेश शासन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना प्रारंभ की गई है। योजनान्तर्गत युवाओं को स्वयं का उद्योग सेवा व्यवसाय उद्यम स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से कम ब्याज दर पर कोलेटरल फ्री लोन प्राप्त किये जाने हेतु परियोजना प्रस्तुत की जा सकती है।

### आदि शक्ति की आराधना में लीन नर्मदांचल



माता महाकाली वीर बंबू चौराहा

### सीडीपीओ ने किया अस्पताल, छात्रावास का निरीक्षण



सोहागपुर। नर्मदापुरम कलेक्टर के निर्देशानुसार समूचे जिले में अलग-अलग सरकारी विभागों के प्रमुख अपने-अपने ब्लॉक क्षेत्र के शासकीय कार्यालयों का प्रति सप्ताह निरीक्षण करते हैं। इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग सीडीपीओ जसिंता तिग्गा ने गुरुवार को कामती रंगपुर में निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साप्ताहिक शेड्यूल अनुसार शासकीय अस्पताल, पीएम श्री विद्यालय तथा बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया। तिग्गा ने बताया कि सभी स्थलों पर व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई हैं, जिनका उन्होंने रिपोर्ट में उल्लेख किया है।

## शहर के रहवासियों ने सीईओ से मिलकर आम लोगों की मुख्य समस्याओं पर दिलाया ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



करीबन 24 सालों से चल रहे निर्माण कार्य प्रबंध मामले में सुप्रीम कोर्ट से नतीजा पचमढ़ी के पक्ष में आया।प ेशी के दौरान पचमढ़ी छावनी परिषद सीईओ राहुल गजभिए छावनी परिषद पचमढ़ी कार्यालय पक्ष रख रहे थे। नतीजे के बाद शहर वासी एवं शहर के व्यापारी संघ,किराना व्यापारी संघ, छावनी रजिस्टर ठेकेदार एवं शहर के नागरिकों ने मुख्य अधिशासी अधिकारी से भेंट की एवं उनका धन्यवाद प्रकट किया।

इस दौरान शहर वासियों ने शहर में आ रही अन्य समस्याओं पर भी मुख्य अधिशासी अधिकारी का ध्यान आकर्षित किया। सभी ने राहुल गजभिए के साथ पार्षद संजय लेड़वानी एवं मुख्य अभियंता आर पी आचार्य को भी धन्यवाद प्रेषित किया। पचमढ़ी के लिए हर्ष का विषय है कि निर्माण पर लगी रोक के संबंध में नतीजा पचमढ़ी के पक्ष में आया है बतौर सीईओ छावनी परिषद अब हम यह प्रयास करेंगे कि पचमढ़ी को किस तरह एक मॉडर्न हिल स्टेशन की तरह डेवलप किया जा सके । जिस तरह विदेशों के हिल स्टेशन काफी सुंदर और पर्यावरण के अनुरूप होते हैं हम भी उसी दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प लेंगे। इस दौरान पार्षद संजय लेडवानी ने भी सभी से समस्या सुनी एवं सुझाव लिए।

## सीहोर के बमोरी मंडल ने जीती जस प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




सोहागपुर में महाकाली मंदिर के सामने रानी लक्ष्मीबाई मंच पर गत दिनों जस प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें नर्मदापुरम जिला सहित आसपास के जिलों के लगभग 28 मंडलों ने सहभागिता की व सीहोर का मंडल विजेता बना। आयोजकों से प्राप्त जानकारी अनुसार अंतिम चक्र में 10 देवी जस मंडलों ने प्रवेश किया एवं शानदार प्रस्तुति दी। अंतिम राउंड बहुत रोमांचक रहा, जिसमें जस सुनकर श्रोता झूम उठे। परिणामों के बाद जिला सीहोर के बमोरी मंडल को प्रथम पुरस्कार स्वरूप 11000 रुपए की राशि दी गई। रू 9000 का द्वितीय पुरस्कार जहाजपुरा मंडल तथा रू 7000 का तृतीय पुरस्कार श्री राम देवी जस मंडल ग्राम सिटियागोहना को प्रदान किया गया। पांच मंडलों को प्रोत्साहन पुरस्कार व तीन मंडलों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए हैं। कार्यक्रम में पुरस्कार वितरण दौरान मुख्य अतिथि रूप में विधायक विजयपाल सिंह सहित वरिष्ठ नागरिक हर्ष कुमार पालीवाल, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल ने पुरस्कार वितरित किए।

## पिपरिया में मनाई पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती मल्यार्पण के साथ नमनकर अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



भारतीय जनतापार्टी के स्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपा कर्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियोंने किया माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए।इस दौरान विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल महिलामोर्चा जिला महामंत्री ममता नागवंशी सविताराज पार्षदमुकेश खटीक नगर पालिका परिषद के सभी पार्षदों के साथ नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांतरघुवंशी के द्वारा पूर्व जिला सतर्कता समिति सदस्य अरविंद राय के निर्देशन में भाजपा केपित्र पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर प्रत्येक मतदानकेद्र पर मनाई गई।

नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी के बलिदान और योगदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विधायक ठाकुर दास नागवंशी ने कहा किपडित दीनदयाल उपाध्यायको श्रद्धांजलिदी तथा उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प दिलाया गया।

### माखननगर में निकाली गई विशाल शोभायात्रा

## माता महाकाली को चढ़ाई चुनरी, विधायक हुए चुनरी यात्रा में शामिल, जिले की सुख समृद्धि के लिए मां से की प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर विगत 10 वर्षों से एक्सीलेंस आर्यन सेवा समिति चुनरी यात्रा का आयोजन करते चली जा रही है इस वर्ष भी गुरुवार को दोपहर 3:00 बजे से आवास कॉलोनी दुर्गा मंदिर से चुनरी यात्रा निकाली गई।

इसमें सैकड़ों की संख्या में नगर के धर्म प्रेमी जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिह शामिल हुए लगभग 2 किलोमीटर दूर माता महाकाली मठ पहुंची। इस दौरान चुनरी यात्रा में नगर परिषद अध्यक्ष रीना आकाश तिवारी मंडल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी विपिन यादव संतोष परसाई सुरेश अग्रवाल संजय अग्रवाल आशीष गुरु मनीष पाराशर गोलू मिश्रा अजीत सेठी मुकेश मालवीय शैलेंद्र यादव जगदीश शर्मा विश्वास दुबे सज्जन मंडवाल सत्यनारायण पुरोहित सूरज मालवीय सुरेश यादव नगर परिषद के पार्षद गण समाज सेवी प्रमोद प्रेमी एवं नगरवासियों ने माता महाकाली मठ जाकर माता को चुनरी चढाकर क्षेत्र में सुख समृद्धि की प्रार्थना की माता महाकाली की आरती कर प्रसादी वितरण की गई।





### प्रांत स्तरीय विज्ञान मेला 26 से होगा आयोजित

सोहागपुर। 23 वें प्रांत स्तरीय विज्ञान मेले का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर सोहागपुर में 26 से 28 सितम्बर तक सम्पन्न होगा। ये मेले विद्यार्थियों में क्रिया आधारित अध्ययन, अन्वेषण, संश्लेषण प्रवृत्ति विकास एवं वैज्ञानिक नवाचार का विकास करते हैं। विद्यालय प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार अखिल भारतीय विद्या भारती संस्थान की मंशा है कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक प्रतिभा एवं सोच विकसित हो। जानकारी अनुसार प्रांतीय विज्ञान मेला में विज्ञान आधारित प्रादर्श, प्रश्न मंच, पत्र वाचन, प्रयोगात्मक प्रतियोगिता एवं आचार्य पत्र वाचन सहित पांच विधाओं में लगभग 250 भैया बहन शामिल होंगे। ये प्रतियोगिताएं शिशु वर्ग, बाल वर्ग, किशोर वर्ग तथा तरूण वर्ग में आयोजित होंगी। उद्घाटन सत्र में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद मध्य प्रदेश भोपाल महा निदेशक अनिल कोठारी, संयुक्त संचालक नर्मदापुरम मनीष वर्मा, विद्या भारती प्रांत सह संगठन मंत्री अनिल अग्रवाल तथा प्रांतीय विज्ञान संयोजक पीयूष राठोड़ सहभागी होंगे।

## श्री रामलीला महोत्सव जारी, दशरथ के नंदन कुमार राम ने तोड़ा शिव धनुष, लगे जयकारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर में श्री राम नाट्य समिति द्वारा की जाती रामलीला में बुधवार रात सीता स्वयंवर प्रसंग का मंचन किया गया। जिसमें दशरथ नंदन कुमार राम ने सर्वप्रथम शिव धनुष को प्रणाम किया।

शिव धनुष को प्रणाम करने के उपरांत दशरथ नंदन कुमार राम ने गुरु को प्रणाम किया एवं शिव धनुष को अपने हाथों में आसानी से उठा लिया। शिव धनुष को राम ने हाथों से आसानी से तोड़ दिया। तो उपस्थित दर्शकों ने जय श्री राम के जयकारे लगाए। इसके बाद जनक दुलारी ने राम को वरमाला पहनाई। रामलीला महोत्सव में कलकारों के अभिनय की लोगों द्वारा प्रशंसा की गई। इस दौरान संगीत कलाकारों ने सुमधुर संगीत की प्रस्तुति दी।





**खबर संक्षेप**



### मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण की तैयारियों जोरों पर

**हरदा।** जिले के खिरकिया एवं बावड़िया में प्रस्तावित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के भ्रमण कार्यक्रम के संबंध में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन एवं पुलिस अधीक्षक शशांक ने गुरूवार को कार्यक्रम स्थल का भ्रमण किया एवं कार्यक्रम को सुव्यवस्थित सम्पन्न कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। अपरान्ह में कलेक्टर श्री जैन ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यक्रम सम्पन्न कराने के संबंध में दायित्व भी सौंपे। इस दौरान अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### निशुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन

**रहटगांव।** निशुल्क मोतियाबिंद एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर एनएस पब्लिक स्कूल रहटगांव में आयोजित किया गया। विजय गौर, अमित गौर, बालमुकुंद मीणा ने बताया कि शिविर में 90 मरीजों को देखा गया। 11 लोगों को मोतियाबिंद के निशुल्क का ऑपरेशन हेतु इंदौर भेजा गया। जहां पर निशुल्क ऑपरेशन, दवाइयां काला चश्मा भोजन एवं परिवहन की व्यवस्था की गई है।

### बकाया राशि पर काटे 67 बिजली कनेक्शन

**रहटगांव।** मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा विद्युत बाकायादारो पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही। बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन को विच्छेदन करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। कंपनी ने 67 उपभोक्ताओं पर 11.3 लाख रुपए की बकाया राशि सख्ती दिखाई। रहटगांव विद्युत वितरण कंपनी ने ऐसे उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए।

### गांधी जयंती पर शुष्क दिवस घोषित

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर हरदा जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश अनुसार 2 अक्टूबर को जिले की सभी कम्पोजिट मदिरा दुकानें एवं एम्बी वाइन शॉप की दुकानों को सम्पूर्ण दिवस बन्द रखकर देशी विदेशी मदिरा का क्रय विक्रय एवं परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

### मधुमक्खी के हमले में घायल वृद्ध की मौत

**हरदा।** हंडिया थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई। ग्राम भमोरी में एक आश्रम से लगी जमीन पर 62 वर्षीय भगतराम परते अपने बेटे सुनील के साथ ट्रैक्टर से खेत की सफाई कर रहे थे। इस दौरान झाड़ियों में मौजूद मधुमक्खियों के झुंड ने ट्रैक्टर के छूने पर उन पर हमला कर दिया। हमले में पिता-पुत्र दोनों को मधुमक्खियों ने काटा। ग्रामीणों की मदद से दोनों को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। लेकिन भगतराम की मौत रास्ते में ही हो गई। उनके बेटे सुनील के शरीर पर कई जगह मधुमक्खियों ने काटा है। जिला अस्पताल में मृतक भगतराम के शव का पोस्टमॉर्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। अस्पताल चौकी में मामले की जांच की जा रही है।

### खाद्य पदार्थों में मिलावट के संबंध में दी जानकारी

**हरदा।** खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत ह्यह्यसन साइन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल सिराली में चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से स्कूल की छात्राओं को खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान मसाले, मिठाइयां, दूध एवं दुग्ध पदार्थों, अनाज, आदि खाद्य पदार्थों का सामान्य परीक्षण करके भी दिखाया गया। इस दौरान छात्राओं को फोटिफिकेशन, मिलेट्स तथा उनके लाभ के बारे में जानकारी दी गई। सभी छात्राओं को कम नमक, कम शक्कर, कम तेल का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। स्कूल के डायरेक्टर सचिन अग्रवाल, प्राचार्य अंकिता अग्रवाल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र कांबले, केमिस्ट हेमंत कीर उपस्थित थे।

---

## सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत आम का पौधा लगाया

# दीनदयाल उपाध्याय सादा जीवन, उच्च विचार के धनी थे: कृष्णा गौर

हरिभूमि न्यूज >> हरदा

मध्य प्रदेश शासन के पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने गुरुवार को सर्किट हाउस हरदा में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत हएक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत आम का पौधा लगाया।




इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा सहित अधिकारी कर्मचारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मंत्री गौर ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय सादा जीवन, उच्च विचार और दृढ़ संकल्प व्यक्तित्व के धनी थे। वे एक मेधावी छात्र, संगठक लेखक, पत्रकार, विचारक, राष्ट्रवादी और एक उत्कृष्ट मानवतावादी थे। उन्होंने कहा सेवा पखवाड़ा अभियान 17 सितंबर से शुरू हुआ और 2 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर इसका समापन होगा। उन्होंने कहा पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन चरित्र में सेवा की मिसाल देखने को मिलती हैं।

---

## देवी के दर्शन करने दूर-दूर से पदयात्रा कर श्रद्धालु भक्त पहुंचे हैं सलकनपुर धाम

# नगर में नवरात्रि की धूम, जगह जगह पंडालों में विराजी मां दुर्गा

हरिभूमि न्यूज >> भैरुंदा

22 सितंबर शारदीय नवरात्रि की शुरुआत हो चुकी हैं। आरती में बड़ी संख्या श्रद्धालुओं की मंदिरों, पंडालों में लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। और श्रद्धालु जय माता दी के जयकारे लगा रहे हैं। सकलनपुर मां विजयासन देवी के दर्शन करने बड़ी संख्या श्रद्धालुओं का ताता लगा हुआ है। भक्त सच्चे मन से आराधना करने से मां अपने भक्तों से प्रसन्न होकर उनकी मनोकामनाएं पूरी करती हैं।

नगर में नो स्थानों पर विराजमान माता रानी के दरबार में दर्शन करने भक्तों का ताता लगा हुआ है। जिसमें नगर में शास्त्री कॉलोनी स्थित दुर्गा चौक पर आरती में श्रद्धालु भक्तों का ताता लग रहा है, इधर अखिल भारतीय क्षत्रिय कलोता समाज धर्मशाला भोपाल रोड़ भैरूंदा, मां कालिका के दरबार के बड़ी संख्या श्रद्धालुओं आरती में शामिल हो रहे हैं। वहीं भारत माता चौक पर बिराजमान भारत माता की आरती में भी बड़ी संख्या में मातृशक्तिया, श्रद्धालु भक्तों का ताता लग रहा है बड़ी संख्या श्रद्धालुओं शामिल हो रहे हैं। छोटा बाज़ार गांधी



चौक में स्थापित माता रानी के दरबार में भी भक्तों का ताता लग रहा है। इस सभी मुख्य स्थानों पर बड़ी संख्या श्रद्धालुओं शामिल होकर दर्शन भारती का लाभ ले रहे हैं।

### माता की पदयात्रा कर रहे श्रद्धालु भक्तों के लिए रास्ते में कई व्यवस्थाएं

पदयात्रा कर श्रद्धालु भक्तों का ताता लगा हुआ है वहीं दूर दूर से पदयात्रा करने वाले श्रद्धालुओं भक्तों का ताता लगा हुआ है इंदौर भोपाल मुख्य मार्ग से से होते हुए सलकनपुर धाम पहुंच रहे हैं। वहीं श्रद्धालु की सेवा में सामाजिक लोगों के द्वारा जगह , जगह भोजन पंडाल और फलाहारी ,ठंडे पानी से लेकर विश्राम करने की व्यवस्था भी की गई है। जिससे पदयात्रियों को किसी भी प्रकार से परेशानी का सामना न करना पड़े। हजारों हजार की तादाद में दूर-दूर से श्रद्धालु पैदल चलकर मां जगदंबा भवानी बिजासन देवी के के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। नवरात्र के पावन अवसर पर बड़ी तादाद में पैदल पद यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं पूरे नव रात्रि स्वल्पाहार भोजन प्रसादी सहित विश्राम करने तक की व्यवस्था नगर के इंदौर रोड,भोपाल मार्ग हाईवे पर नक्षत्र पैलेस में रखी गई है।

---

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान

# हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच कर इलाज किया

हरिभूमि न्यूज >> हरदा



प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गुरूवार को जिला अस्पताल एवं सामुदायिक व शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में स्त्री रोग विशेषज्ञ व चिकित्सकों द्वारा हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच कर उपचार किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी सिंह ने बताया कि जिले के सरकारी अस्पतालों में प्रसव पूर्व देखभाल की गुणवत्ता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की जाती है। यह स्वास्थ्य जांच हर माह की 9 एवं 25 तारीख को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान के तहत की जाती है, ताकि मातृ मृत्यु दर में कमी लायी जा सके।

डॉ. एच.पी सिंह ने बताया कि इन स्वास्थ्य जांच शिविरों में गर्भवती महिलाओं की काउंसलिंग कर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहने, पौष्टिक आहार लेने व संस्थागत प्रसव कराने की समझाइश भी दी जाती है। उन्होने बताया कि गुरूवार को जिला चिकित्सालय हरदा में प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान के तहत 98 गर्भवती महिलाओ जॉच की गई। इनमें 76 गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन की जॉच, 78 गर्भवती महिलाओं की यूरिन एल्बूमिन की जॉच, 22 की शुगर की जॉच, 27 की ब्लड ग्रूप की जॉच, 22 की हीपेटाईटिस की जॉच तथा 21 महिलाओं की एचआईव्ही की जॉच की गई। इनमें से 34 गर्भवती महिला हाईरिस्क श्रेणी की पाई गई, जिनका उचित प्रब्रंधन कर उपचार प्रारंभ किया जा रहा है।

### स्वास्थ्य शिविर संपन्न



बैरागढ़ स्थित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक में गुरूवार को एक दिवसीय महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. यामिनी मानकर ने गर्भवती महिलाओं तथा सामान्य मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान एसएनएसपीए पोर्टल पर 43 मरीजों का पंजीयन किया गया।

---

# प्राकृतिक खेती सिखाने कृषि सखी प्रशिक्षण का प्रारंभ

**हरदा।**विज्ञान केंद्र हरदा द्वारा राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन कार्यक्रम के तहत 25 से 29 सितंबर तक कृषि पांच दिवसीय कृषि सखी एवं सीआरपी प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र हरदा एवं परियोजना संचालक आत्मा- किसान कल्याण एवं कृषि विभाग के सहयोग से चलाया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि कृषि स्थाई समिति के अध्यक्ष ललित पटेल, विशिष्ट अतिथि उप संचालक जे.एल. कास्दे के द्वारा




किया गया। कार्यक्रम में श्री पटेल ने प्राकृतिक खेती के महत्व और कृषि सखियों के लिए इसके योगदान की महत्ता को बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में उप संचालक जे.एल. कास्दे ने प्राकृतिक खेती के महत्व को समझते हुए कृषि सखियों का उत्सववर्धन किया एवं प्राकृतिक खेती पर प्रकाश डाला। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. आर.सी. जाटव ने कार्यक्रम की रूपरेखा का परिदृश्य बताया। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिक डॉ. ओमप्रकाश भारती ने कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती मे रोग तथा कीट प्रबंधन के तथ्यों से अवगत कराया। कार्यक्रम में डॉ. मुकेश कुमार बांकोलिया द्वारा पधारे अतिथियों का आभार ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में सहायक संचालक कृषि अखिलेश पटेल तथा कृषि विज्ञान केंद्र से डॉ. आर.सी. जाटव, डॉ. ओमप्रकाश भारती और डॉ. मुकेश कुमार बांकोलिया तथा कृषि विभाग एवं आत्मा के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

---

## अभिमन्यु 3 अभियान चल रहा

# बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करना सभी की जिम्मेदारी



**रहटगांव।** पुलिस द्वारा शासकीय एल एन पी उच्चतर माध्यमिक शाला रहटगांव में विकसित व सुरक्षित समाज का निर्माण महिला एवं पुरुषों की समान सहभागिता से किया जा सकता है। महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की बात कही। इसके लिये समाज में लड़को एवं पुरुषों को महिला संबंधी अपराध के प्रति संवेदनशील रहने की बात कही। कहा कि उनमे सकारात्मक व्यवहार की भावना को विकसित किये जाने की दृष्टि से अभिमन्यु 3 अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान गुरुवार महिला अपराध एवं महिलाओं के पति संवेदनशीलता विकसित करने तथा लिंगभेद को खत्म करने के उद्देश्य से थाना प्रभारी मनोज दुबे , सउनि प्रदीप रघुवंशी, महेंद्र रघुवंशी, प्राचार्य सिद्धार्थ जोशी, शंकर शेषकर, ध्रुव कुमार गौर, प्रदीप शर्मा, गजानंद गौर, प्रदीप मालवीय, उर्मिला चौहान, राकेश गौर, सुरेंद्र काकोड़िया एवं अन्य स्टाफ के पालीवाल स्कूल में बच्चों को जागरूक किया और शपथ दिलाई गई।

---

## कृषि विभाग की टीम की कार्रवाई

# छैगांवमाखन में टेंट कारोबारी के घर से 740 बोरी अवैध खाद जब्त

**खंडवा।** कृषि विभाग की टीम ने छैगांवमाखन में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक टेंट कारोबारी के घर से 740 बोरी अवैध खाद जब्त किया है। जांच के दौरान न तो कोई लाइसेंस मिला और न ही स्टॉक संबंधी कोई दस्तावेज प्रस्तुत किए जा सके। कृषि विभाग के प्रतिवेदन पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। उपसंचालक कृषि नीतेश यादव ने बताया कि जिला स्तरीय निरीक्षण दल ने इंदौर रोड स्थित एक घर में 25-25 किलो के कुल 740 बैग अवैध रूप से भंडारित पाए। खाद के नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे गए हैं। दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**खाद कहां से लाया और किसने बेचा, इसकी जांच जारी :** अवैध विक्रेता के खिलाफ उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 7, 8, 19, 35 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955



की धारा 3 और 7 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच में यह भी सामने आ सकता है कि जब्त खाद चोरी का तो नहीं है। उपसंचालक यादव के मुताबिक कारोबारी यह खाद कहां से लाया और किसने बेचा, इसकी जांच जारी है। कुछ समय पहले खंडवा से चोरी हुई 3 हजार बोरी खाद पंधाना और छैगांवमाखन ब्लाक में बेचे जाने की जानकारी सामने आई थी। इसी कड़ी में सिंगोट और छनेरा के व्यापारियों के लाइसेंस भी निलंबित किए गए थे तथा पंधाना के आरुद रोड पर पर्वत फर्म के गोदाम को सील किया गया था। अब छैगांवमाखन में जब्त खाद भी चोरी का होने की आशंका जताई जा रही है।

---

### स्वदेशी जागरण व मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम का सत्रारंभ

**खिरकिया।** जन अभियान परिषद विकास खंड खिरकिया एवम स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड स्तरीय स्वदेशी जागरण कार्यक्रम एवम मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम का सत्रारंभ किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में स्वदेशी जागरण मंच के जिला सह समन्वयक आनंद टैगोर एवम वरिष्ठ समाजसेवी पूनमचंद जी गुप्ता की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमे अतिथियों द्वारा स्वदेशी चीजों के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार हमारा देश कभी सोने की चिड़िया हुआ करता था उसे पुनः प्राप्त करने के लिए हमे पहला कदम यही उठाना होगा, स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ। जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक विनीता शाह द्वारा परिषद का परिचय एवम प्रतिवेदन किया गया। मंच संचालन ऋषि विश्नोई द्वारा किया गया। आभार मुकेश कुम्हारे द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में परामर्शदाता, अंजना श्रीवास्तव एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

---

# जिला विकास सलाहकार समिति का गठन अधिवक्ता देवेंद्र यादव सदस्य नियुक्त

## क्षेत्र से 20 प्रतिनिधियों को शामिल किया

**खंडवा।** मध्य प्रदेश शासन योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन द्वारा खंडवा जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किया गया है। इस समिति की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव करेंगे, जबकि समिति के उपाध्यक्ष जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र लोधी होंगे।



समिति में उद्योग, व्यापार, कृषक, समाजसेवी, चिकित्सा और विधि के क्षेत्र से 20 प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। विधि क्षेत्र से अधिवक्ता और विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक देवेंद्र सिंह यादव को सदस्य नियुक्त किया गया है। जिले से सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, मंत्री डॉ विजय शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेडे, महापौर अमृता यादव, खंडवा विधायक कंचन तंनवे, पंधाना विधायक छाया मोरे, मांधाता विधायक नारायण पटेल और जिले के सभी जनपद पंचायत अध्यक्ष भी समिति का हिस्सा होंगे। देवेंद्र सिंह यादव की नियुक्ति पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, महामंत्री धर्मेंद्र बजाज, संतोष सोनी, भाजपा नेता मुकेश तंनवे, बलदेव सिंह मौर्य, मोहन गंगराड़े, विजय चौधरी, रविंद पाथरीकर, मौसम गंगराड़े, प्रेमांशु जैन, प्रदीप यादव, यशदीप चौरे, प्रणय गुप्ता, राकेश थापक, मनीष राय, महेंद्र यादव, ओम प्रकाश सिलावट, अशोक पटेल और रजनीश सोनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और अधिवक्ताओं ने बधाई दी है। समिति का उद्देश्य जिले की जनता, जनप्रतिनिधियों और हितधारकों की जरूरतों और सुझावों के आधार पर दीर्घकालीन विकास योजनाएं बनाना है। इसके साथ ही जिले के परंपरागत कौशल को बढ़ावा देकर वोकल फॉर लोकल के सिद्धांत के अनुरूप उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का रोडमैप तैयार करना भी शामिल है। समिति जिले की रिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए शासकीय योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करने, स्थानीय प्रयासों से विकसित नवाचारों को योजना का रूप देने और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के सुझाव देगी।

---

### विद्यार्थियों व स्टाफ ने किया रक्तदान

खंडवा। पूनमचंद गुप्ता वोकेशनल महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की ओर से सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन एनएसएस अधिकारी सौरभ सिंह बिसेन और खेल अधिकारी विकास मोहे ने किया। रेडक्रॉस सोसाइटी के सहयोगियों आशिष अग्रवाल, भानु पटेल और रविन्द्र सिंह ने भी शिविर में सक्रिय योगदान दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दीपेश आर. उपाध्याय और प्रबंधक सतिश पटेल ने रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान एक महान मानवीय सेवा है, जो जीवन बचाने में सहायक है। शिविर में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण और एनएसएस इकाई के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

---

## खेलो बढ़ो जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

# शासकीय महात्मा गांधी स्कूल के 100 बालकों को स्टेडियम का भ्रमण कराया

हरदा। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स भवन में खिलाड़ियों के नवाचार के लिये खेलो बढ़ो जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित किया गया। ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि शास महात्मा गांधी स्कूल के 100 बालकों स्टेडियम का भ्रमण करवाया गया। इस अवसर पर एसडीओपी अरुणा सिंह, रक्षित उपनिरीक्षक रजनी गुर्जर द्वारा उपस्थित छात्रों से परिचय किया गया। एसडीओपी ने बताया कि समाज में व्याप्त कुरीतियों नशे की लत, मीडिया का शौक विद्यार्थी जीवन पर बुरा प्रभाव डालती है। छात्र जीवन सबसे सुखद जीवन है और सभी छात्र खेल में रुचि अवश्य रखें। कार्यक्रम में रक्षित उपनिरीक्षक ने अपने उद्बोधन में




कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन का लक्ष्य के निर्धारण कर पुलिस, आर्मी, सेना में भर्ती होने के लिए लगातार प्रयास करना चाहिए। असफल होने पर भी हिम्मत नहीं हारना चाहिए। खेल हमें हिम्मत से आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। हेल्थफूल नेस से आए ट्रेनर रंजना परुलकर एवं राजेश पटालिया ने छात्रों को मेडिटेशन कर ध्यान मुद्रा का अभ्यास करवाया। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक ने बैडमिंटन खेल के नियम एवं खेलने की कला कौशल बताए, जिससे बालकों में खेलने हेतु रुचि बने। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक सलमा खान, व्यायाम शिक्षक तरुण कैथवास, राहुल कुलहारे, लेखापाल मनीष शर्मा उपस्थित थे।